भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं.*237

जिसका उत्तर 17.03.2022 को दिया जाना है

सिल्चर - इम्फाल राजमार्ग को चार लेन का बनाना

***237.** डॉ. राजदीप राय:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सिल्चर - इम्फाल राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) को दो लेन के राजमार्ग से चार लेन का राजमार्ग बनाने हेतु कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारतमाला परियोजना के अंतर्गत सिल्चर को आइजोल से जोड़ने का कोई प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) एक विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है।

'सिल्चर - इम्फाल राजमार्ग को चार लेन का बनाना' के संबंध में डॉ. राजदीप राय द्वारा पूछे गए दिनांक 17.03.2022 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. *237 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख) राष्ट्रीय राजमार्ग-37 के सिल्चर से इंफाल तक के सड़क खंड का विकास दो भागों में किया गया है।

i. सिल्चर से जिरीबाम खंड के चार लेन के लिए व्यवहार्यता अध्ययन शुरू किया गया है और व्यवहार्यता अध्ययन के परिणाम के आधार पर 4-लेन के बारे में निर्णय लिया जाएगा।

ii. जिरीबाम से इंफाल खंड 4-लेन के योग्य नहीं है और इसकी कुल 202.70 किमी की लंबाई को पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन में विकसित करने का काम 7 पैकेजों में शुरू किया गया है। इनमें से 05 पैकेजों (कुल लंबाई = 128.006 किमी) में काम सौंप दिए गए हैं और शेष 02 पैकेज निविदा प्रक्रिया में हैं।

(ग) और (घ) जी, हां। राष्ट्रीय राजमार्ग 306 (पुराना रारा-54) का सिलचर-सिरंग (आइजोल) तक का खंड भारतमाला परियोजना के अंतर्गत है। 136.40 किमी के पूरे खंड को 8 पैकेजों में विभाजित किया गया है, जिसमें से 65.80 किमी के 4 पैकेजों का काम सौंप दिया गया है और 70.60 किमी के शेष 4 पैकेज डीपीआर चरण में हैं।

****